## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 11 अप्रैल से जिले में राजस्व पखवाड़ा, 14 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के तेजी से निराकरण के लिए 11 अप्रैल से जिले के प्रत्येक पटवारी हल्के वाले पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा तथा 14 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राजस्व से जुड़े नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका वितरण, व्यपवर्तन (डायवर्सन), किसान किताब वितरण से जुड़े प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारियों सहित पूरे राजस्व अमले को निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग द्वारा जिले के सभी पटवारी हल्का वाले पंचायतों में पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याओं पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। सभी प्रकार की राजस्व प्रकरण के निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा व विशेष ग्राम सभा में राजस्व से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### प्रशासन व पुलिस टीम के बीच क्रिकेट मैच आज

**रायगढ़।** जिला स्तरीय अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के टीमों के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन 10 अप्रैल 2022 दिन रविवार को प्रात: 6.30 बजे से बोईरदादर स्टेडियम रायगढ़ में होगा।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर 126 नगरीय निकायों में हितग्राहियों के लिए बनेंगे 21,340 नए आवास

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर राज्य के 126 नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 21 हजार 340 नए आवासों के निर्माण के लिए 664 करोड़ 17 लाख 53 हजार 700 रूपए की स्वीकृति दी गई है। आज मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की 20वीं बैठक में योजना के तहत हितग्राही द्वारा स्वयं के आवास निर्माण के लिए 21 हजार 340 नवीन आवासों के प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### शिवरीनारायण में सांस्कृतिक कार्यक्रम: ममता चंद्राकर के गीतों पर झूमे दर्शक



**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** मानस गायन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और राम वन गमन पर्यटन परिपथ शिवरीनारायण के पहले चरण के लोकार्पण कार्यक्रम के पहले दिन मेला स्थल में उत्साह का माहौल देखा गया. संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ ममता चंद्राकर के गीतों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। डॉक्टर ममता चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ के राजगीत से अपने गीतों के श्रृंखला की शुरूआत की और एक के बाद कई मनमोहक गीत गाकर उपस्थित लोगों को भी गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम में चिन्हारी नाचा पार्टी भी अपने नृत्य और संगीत से लोगों का खूब मन मोहा. कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास, संस्कृति और पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित बड़ी संख्या में दर्शकगण मौजूद थे।

# प्रतिष्ठा इंफ्राकाम चिटफंड कम्पनी से जुड़े दो डायरेक्टर्स गिरफ्तार

- जिलाधीश कार्यालय में जिले के 599 निवेशकों ने कम्पनी के विरुद्ध प्रस्तुत किया है आवेदन
- कम्पनी में लगभग 2 करोड़ निवेश की मिल रही जानकारी, 11 आवेदकों के आवेदन पर दर्ज है एफआईआर



**रायगढ़।** राज्य शासन के मंशा अनुरूप एसपी अभिषेक मीणा लंबित चिटफंड मामलों को सर्व प्राथमिकता पर रखा गया है। लंबित मामलों में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी से लेकर कम्पनी की सम्पत्ति सीज करने पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार नोडल अफसरों के साथ बैठक लेकर मामले में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये जा रहे हैं, जिससे जिला पुलिस को चिंटफंड मामलों में निरंतर सफलता हाथ लग रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को चिटफंड कम्पनी "प्रतिष्ठा इंफ्राकाम इंडिया लिमिटेड" के दो डायरेक्टर/शेयर होल्डर को गिरफ्तार करने में अहम सफलता मिली है, जिससे अब कम्पनी के अन्य डायरेक्टर्स/शेयर होल्डर तक पहुंचा जा सकता है।

दरअसल कम्पनी के असल डायरेक्टर्स द्वारा कम्पनी के रजिस्ट्रेशन मंह अन्य लोगों का बतौर डायरेक्टर्स नाम दिया गया था जिससे पुलिस उन तक नहीं पहुंच पा रही थी। गिरफ्तार डायरेक्टर्स/शेयर होल्डर से मिली जानकारी के बाद जल्द अन्य आरोपी पुलिस की पकड़ में होगें।

चिटफंड कम्पनी "प्रतिष्ठा इंफ्राकाम इंडिया लिमिटेड" के विरूद्ध रिपोर्टकर्ता ऋषि कुमार गुप्ता पिता हरिचरण उम्र 60 वर्ष निवासी गांजा चौक रायगढ़ द्वारा अप्रैल 2016 में थाना कोतवाली में रिपोर्ट कराया कि इसके सहित अन्य 10 लोग (कुल 11) द्वारा प्रतिष्ठा इंफ्राकाम इंडिया लिमिटेड नामक कंपनी की शाखा कृष्णा कॉन्प्लेक्स ढिमरापुर रायगढ़ में कार्यरत कम्पनी के कथित डायरेक्टर्स द्वारा अधिक ब्याज और 3 साल में निवेश की रकम दुगना का प्रलोभन देकर रिपोर्टकर्ता से ₹12000 आशा बैरागी से ₹60,000 रामकली ठाकरे से 12,000, हेमलता बैरागी से 13000, इंदर भाई बैरागी 80,000 एवं 9200, भारती यादव 16000, दीपिका अग्रवाल 12000, रेणु देवी ओझा 12,000 कुल ₹2,65,000 प्राप्त किये थे और निवेशकों को बिना पैसा लौटाए षड्यंत्र कर कम्पनी का कार्य बंद कर फरार हो गए थे।

कोतवाली पुलिस द्वारा निवेशकों से मिली जानकारी के आधार पर कंपनी के एक डायरेक्टर रामगोपाल गढ़ेवाल पिता नोखराम गढेवाल उम्र 38 वर्ष निवासी कुढगबोर थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा पर अप.क्र. 209/2016 धारा 420, 120 बी, 34 IPC तथा 4,5 चिटफंड अधिनियम एवं 6,10 छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना कर आरोपी को गिरफ्तार कर तथा शेष आरोपियों के विरुद्ध 173(8) CrPC के तहत चालान न्यायालय पेश किया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा कंपनी के ROC से डायेक्टर्स की जानकारी लेकर फरार आरोपियों को शीघ्र पतासाजी गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा कंपनी का ROC प्राप्त किया गया जिसमें कंपनी में 7 डायरेक्टर/शेयर होल्डर का पता चला। नामांकित डायरेक्टर व शेयर होल्डर के संबंधित थाना क्षेत्र से जानकारी लिया गया जिस पर 2 डायरेक्टर्स/शेयर होल्डर के सीमावर्ती जिले जांजगीर में होने की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली की टीम जांजगीर रवाना हुए जहां से दो आरोपी भैरव प्रसाद मिश्रा उर्फ मोगली और चांद मेहम्मद को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। आरोपियों से पूछताछ में बताएं कि इनके अलावा कंपनी के डायरेक्टर/शेयर होल्डर संजीव गुहा, अमित सरकार, शुभान बनर्जी, अमित सेन, सौरभ डे है। ये दोनों कम्पनी में ₹1000-₹1000 के डायरेक्टर/शेयर होल्डर हैं।

कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों को उपरोक्त अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है, अन्य डायरेक्टर/शेयर होल्डर की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये शीघ्र पुलिस टीम रवाना होगी। मामले में आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, सहायक उपनिरीक्षक उदयभान सिंह, अवधेश सिंह आरक्षक हेमसागर पटेल, अभय यादव, लखेश्वर पुरसेठ, महिला आरक्षक प्रमिला महंत की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी -

(1) भैरव प्रसाद मिश्रा उर्फ मोंगली पिता रामधन मिश्रा उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 नहरिया बाबा रोड राम कॉलोनी के बगल में जिला जांजगीर चांपा।

(2) चांद मोहम्मद खान पिता निजाम खान उम्र 36 वर्ष निवासी बीटीआई चौक जांजगीर चांपा।

## ग्राम छपोरा के पास अकेले भटकती दिखी युवती, पुसौर पुलिस ने पहुंचाया सखी वनसेंटर



**रायगढ़।** दिनांक 08/04/2022 को थाना पुसौर अन्तर्गत ग्राम छपोरा में एक 20-25 साल की युवती अकेले घूमते हुये देखी गई। क्षेत्र के किसी सज्जन व्यक्ति द्वारा थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव का अंजान युवती के क्षेत्र में अकेले भटकते देखे जाने की सूचना या गया सूचना पर थाना प्रभारी पुसौर तत्काल मौके पर पहुंचे। युवती अपना नाम व पता सही नहीं बता रही थी तथा युवती मानसिक रूप से थकी हुई प्रतीत हो रही थी। सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी पुसौर द्वारा महिला स्टाफ के मार्फत युवती को रायगढ़ सखी वनसेंटर भेजा गया है। सखी सेंटर में भी उसके परिजनो, रिस्तेदार के संबंध में पूछताछ किया गया किन्तु युवती के परिजनों का पता नहीं चल पाया था। सखी सेंटर में युवती को आश्रय प्रदान कर पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

## ग्रीष्मकालीन छुट्टियां केवल एक माह

**रायपुर (आरएनएस)।** डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन छत्तीसगढ़, द्वारा एक नया आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि 15 अप्रैल से स्कूली छात्रों को कक्षा में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। अभिभावक चाहें तो अपने बच्चों को स्कूल भेज सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि इस दौरान स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी यह आदेश लोक शिक्षा निदेशक द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले के सभी संभागीय आयुक्तों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किया गया है, यह नियम कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों पर लागू होगा। हाल ही में 1 अप्रैल से स्कूल खुले हैं।

# नाबालिग बालिका को तमिलनाडु भगा ले जाने वाले आरोपी युवक गया जेल

- डोंगरीपाली क्षेत्र की नाबालिग बालिका को महासमुंद का युवक भगा ले गया था तमिलनाडु



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेन्द्र एसैया द्वारा थानाक्षेत्र से लापता हुई बालिका को कोयंबटूर तमिलनाडु से दस्तयाब कर लाया गया है, बालिका को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 05.02.2022 को थाना डोंगरीपाली क्षेत्र की महिला उसकी नाबालिग लड़की (17.7 साल) के दिनांक 29/01/2022 को शाम करीब 16/00 बजे घर में बिना बताये कहीं चले जाने की मौखिक रिपोर्ट पर थाना डोंगरीपाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 06/2022 धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एसपी मीणा द्वारा गुम नाबालिगों के पतासाजी में गंभीरता से जांच के दिये गये निर्देशों पर थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेंद्र एसैया द्वारा लगातार बालिका के परिजनों, सहेलियों से पूछताछ कर संदेही एवं गुम बालिका पर सर्विलांस लगाकर रखा गया था, उपलब्ध संसाधनों की मदद से बालिका के तमिलनाडु में होने की जानकारी थाना प्रभारी को मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर अपनी टीम के साथ तमिलनाडू से बालिका को दस्तयाब कर रायगढ़ लाया गया है। बालिका द्वारा महिला पुलिस अधिकारी को दिए अपने बयान में चंद्रशेखर चौहान निवासी महासमुंद द्वारा शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर रघुपति स्पेनर्स कोलारपट्टी थाना मंगलम जिला कोयंबटूर तमिलनाडु भगा ले गया था, जहां जबरन शारीरिक संबंध बताना बताई है। पीड़िता के कथन, डॉक्टरी मुलाहिजा पश्चात प्रकरण में धारा 366, 376 IPC एवं 4,6 पोक्सो एक्ट की धारा बढ़ाते हुए आरोपी चंद्रशेखर चौहान पिता राजेंद्र चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी चारभाठा थाना सिहोड़ा जिला महासमुंद को नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर शारीरिक शोषण के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के न्यायालय भेजा गया , जहां न्यायिक रिमांड स्वीकृत होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

# कोतवाली पुलिस ने युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो हमलावरों को किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** कोतवाली थानाक्षेत्र अन्तर्गत हंडी चौक सेवाकुंज रोड़ स्थित कोशल लस्सी सेंटर में कल दिनांक 08.04.2022 के रात्रि 08:30 बजे दो युवक लस्सी सेंटर में आकर बर्फ मांगे नहीं देने पर आरोपित युवक साकाल एवं राजू श्रीवास दुकान के संचालक पर चाकू से हमला कर दिये। घटना के तत्काल बाद कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। दोनों को आज हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के संबंध में थाना कोतवाली में बाजीनपाली किराये मकान में रहने वाले सचिन प्रधान (25 साल) रिपोर्ट दर्ज कराया कि हंडी चौक सेवाकुंज रोड़ रायगढ़ में अपने दोस्त अक्षय सराफ (25 साल) के साथ दुकान चलाता है। दिनांक 08.04.2022 की रात्रि लस्सी दुकान में साकाल एवं राजू श्रीवास नाम के दो लड़के आकर बर्फ मांगे जिसे बर्फ नहीं है कहने पर "तुम हमें नहीं जानते हो" कहकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर साकाल अक्षय को पकड़ा और राजू श्रीवास हत्या करने की नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से अक्षय सराफ के गले एवं पीठ पर कई बार मारकर चोट पहुंचाया। आहत को KGH अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में आरोपियों पर अप.क्र. 616/2022 धारा 294, 506,324,307,34 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपी (1) आदित्य श्रीवास्तव उर्फ राजू पिता प्रह्लाद श्रीवास उम्र 21 वर्ष निवासी कलमीडिपा थाना कोतरारोड़ रायगढ़ (2) संदीप कुमार नेताम उर्फ शाकाल पिता रूप सिंह नेताम उम्र 26 वर्ष निवासी सोनूमुड़ा चौकी जूटमिल रायगढ़ को घटना के तत्काल बाद कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। हत्या के प्रयास के मामले में दोनों आरोपियों को आज रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू की जब्ती किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराधिक रिकार्ड दर्ज है। प्रकरण आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा, आरक्षक उत्तम सारथी, कोमल तिवारी की सराहनीय भूमिका रही है।

## प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल



**रायगढ़।** दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को पुलिस व मेडिकल सेवा प्रदान करने के लिए समय पर डायल 112 वाहन के पहुंचने से काफी राहत मिल रही है। विशेषकर लेबर पेन मामलों में जिले की डायल 112 वाहन सैकड़ों गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाकर सुरक्षित प्रसव कराने में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं कई इवेंट दौरान ईआरवी वाहन में ही मितानिन व अन्य महिलाओं के सहयोग से गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव ही कराया गया है।

इसी कड़ी में आज दिनांक 08.04.2022 के दोपहर करीब 14:40 बजे डायल 112 #लैलूंगा राइनो को ग्राम राजगांव माझी पारा में रह रही हरा मांझी उम्र 25 वर्ष को लेबर पेन उठने पर घरवालों द्वारा डायल 112 से मदद ली गई जिस पर आरक्षक जयप्रकाश तथा वाहन चालक अमृत बहादुर बड़ा तत्काल मौके पर पहुंचे जिन्होंने समय रहते गर्भवती महिला हरा माझी को उप स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंचाया गया, जहां महिला को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया है।

# स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक पूर्व निर्धारित अवधि में संपादित किये जायेंगे मूल्यांकन कार्यक्रम

- एन्ड लाइन मूल्यांकन भी होंगे व स्कूलों में ही किया जाएगा मूल्यांकन कार्य

**रायगढ़।** राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति को लेकर निर्देश जारी किया गया था। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देश में कक्षा पहली से आठवीं तक के मूल्यांकन संचालन एवं शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के संबंध में निर्देश जारी करते हुए कहा गया था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को मूल्यांकन के आधार पर पिछली कक्षा में नहीं रोका जाना है तथा कक्षा पहली से आठवीं तक के समस्त बच्चों को सामान्य रूप से वर्तमान शिक्षा सत्र में अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाना है। साथ ही जारी निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया था कि प्रदेश के सभी विद्यालय में बच्चों की अकादमिक उपलब्धियों का सतत मूल्यांकन किया जाना है और उसके आधार पर सभी बच्चों को आवश्यक शिक्षण देने की व्यवस्था भी की जानी है। 15 अप्रैल 2022 के बाद छात्रों की उपस्थिति की अनिवार्यता नहीं है, संबंधी निर्देश भी जारी किए गए थे। विदित हो कि जारी निर्देशानुसार 15 अप्रैल के बाद छात्रों के स्कूल आने की भले ही बाध्यता नहीं हो किंतु स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत शाला के लिए निर्धारित समय तक सुनिश्चित की जानी है तथा स्कूल में निर्धारित मूल्यांकन कार्यक्रम के अनुरूप एंड लाइन मूल्यांकन कार्य करते हुए प्रदत्त प्रगति पत्रक भर कर 30 अप्रैल तक बच्चों को उपलब्ध कराया जाना है। छात्रों के एन्ड लाइन मूल्यांकन पश्चात इसकी एंट्री वेबसाइट पर ऑनलाइन पूर्ण किया जाना है। विदित हो किए इस हेतु पूर्व में घोषित निर्धारित मूल्यांकन तिथियों में ही छात्र-छात्राओं को सूचित कर एन्ड लाइन मूल्यांकन भी ली जानी है साथ ही ऐसे विद्यार्थी जो विद्यालय में उपस्थित नहीं हो सकेंगे उन्हें उनके पालकों के माध्यम से घर तक प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जाना है एवं उनका भी एन्ड लाइन मूल्यांकन कर अन्य छात्रों के साथ प्रगति पत्रक उपलब्ध कराया जाना है।

## सड़क किनारे पेड़ पर लटकी मिली शिक्षक की लाश

**गरियाबंद (आरएनएस)।** शिक्षक की लाश सडक़ किनारे पेड़ पर लटकी मिली है. मामला पांडुका थाना क्षेत्र का है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मौत के कारणों की जांच के लिए मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, शिक्षक पूनम ध्रुव की लाश शुक्रवार शाम कुम्हरपारा के पास सडक़ किनारे एक पेड़ पर लटकी हुई मिली. ग्राम बेन्द्री में रहने वाला शिक्षक खट्टी प्रायमरी स्कूल में पदस्थ था. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस अंधेरा हो जाने के कारण शुक्रवार शव का पंचनामा नहीं कर पाई. आज पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया.

# रामनवमी शोभायात्रा के मद्देनजर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

- शोभायात्रा के रुट का निरीक्षण कर लिया गया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा
- घरघोड़ा टीआई अमित सिंह लिए आयोजन समिति की बैठक



**रायगढ़।** दिनांक 10/04/2022 को शहर में सर्व समाज द्वारा रामनवमी पर शहर में भव्य रुप से शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी की गई है। शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आज एसपी अभिषेक मीणा द्वारा अपने कार्यालय में आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों से अपने कार्यालय में चर्चा कर शोभायात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

वहीं एसपी मीणा के दिशा निर्देशन पर आज शाम एडिशनल एसपी लखन पटेल के नेतृत्व में एसपी आफिस से शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च उन सभी मार्ग का भ्रमण किया गया, जहां से कल शोभायात्रा गुजरेगी। शोभायात्रा दौरान रूट को डायवर्ट करने एवं चिन्हित स्थानों पर बैरिकेटिंग करने जैसे बिन्दुओं पर ट्रैफिक पुलिस को एएसपी लखन पटले द्वारा निर्देशत किया गया है। साथ ही फ्लैग मार्च में शामिल शहर के थाना प्रभारियों को क्षेत्र के असमाजिक तत्वों को कार्यक्रम में किसी प्रकार का खलल उत्पन्न न करें, इसकी आज ही समझाइश देने निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में तहसीलों में भी थाना प्रभारियों द्वारा शांति समिति की बैठक लिया गया है। रामनवमी पर्व को लेकर घरघोड़ा नगर में निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा आयोजन समिति के सदस्यों, नगर के गणमान्य नागरिक और मीडिया साथियों की उपिस्थिति मे शांति समिति की बैठक आयोजित लिया गया। बैठक में अध्यक्ष नप विजय शिशु सिन्हा , विधायक प्रतिनिधि किरोडी तायल , दीपक मित्तल , अरुणधर दीवान , जनेश्वर मिश्रा , सुनील ठाकुर , विजय शर्मा , प्रेम अग्रवाल , योगी केशरी अन्य शामिल रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480